## सार-समाचार

### यातायात नियमों की पालना नहीं करने पर वाहनों की जांच कर चालान काटे

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर पुलिस ने बीकानेर आईजी हेमंत शर्मा, चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर गुरुवार को पुलिस थाने के बाहर जबरदस्त नाकाबंदी करते हुए नियम तोडने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। यह नाकाबंदी करीब तीन घंटे तक चली, जिसमें कई वाहन चालकों को नियमों की अनदेखी भारी पड़ी। राजलदेसर थानाधिकारी कमलेश सैनी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल कृष्णदेव के द्वारा यह कार्यवाही की गई, ओवरलोड वाहन, बिना सीटबेल्ट, बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, की गाडियों और संदेहास्पद गतिविधियों वाले वाहनों को खास तौर पर चेक किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा अभियान में सितंबर माह में अब तक करीब 90 वाहनों के चालान काटते हुए जुर्माना वसूला,थानाधिकारी कमलेश सैनी ने बताया कि आज सड़क सुरक्षा अभियान के तहत इस प्रकार की कार्यवाही की गई है वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की पालना हेतु समजाइश भी की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने राजलदेसर की जनता से अपील की की आगामी त्यौहार को देखते हुए विशेष कर मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति ख्याल रखें घर से निकलते वक्त हेलमेट अवश्य लगाएं इसके अलावा छोटे बच्चे मोटरसाइकिल चलाते हैं उनके परिवारजन भी ध्यान रखें क्योंकि जीवन बहुत अनमोल है इसके अलावा उन्होंने आगामी त्योहार सभी आपस में प्रेम भाव से बनाने की कामना की।

### महाआरती में जन सैलाब उमड़ा

**बीदासर** (निसं)। शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में कस्बे के मंदिरों व पांडालों में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव परवान पर चल रहा है, तथा आयोजनों में जमकर भीड उमड रही है। जिससे कस्बे का वातावरण धर्म मय बना हुआ है। नोखा रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार संघ व नवरात्रि महोत्सव समिति संयुक्त तत्वाधान में होने वाली दुर्गा पूजा के विशाल धार्मिक आयोजन के तहत गुरूवार की रात्रि में हुई भव्य जोत ज्वाला महाआरती में जन सैलाब उमड़ने से मंदिर प्रांगण के बाहर तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। शुक्रवार को देवी भागवत कथा में कथावाचक पंडित देवकी नंदन व्यास ने विभिन्न प्रसंगों पर कथा का वाचन किया। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद कड़ेल, संघ के अध्यक्ष गणपत राम मोसुण, ओमप्रकाश सोनी, विनोद नारनौली, गोविंद सोनी, महेश टाटिया सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की। वही वाल्मीकि बस्ती व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में महा नवरात्रि महोत्सव के तहत रात्रिकालीन होने वाली महाआरती में श्रद्धालुओं की जमकर भीड उमडी। वही मंडी बाजार करणी माता मंदिर, दड़ीबा करणी माता मंदिर, गंगा माता मंदिर व वाल्मीकी समाज की ओर से चल रही दुर्गा पूजा में मा भवानी को रिझाने में श्रद्धालुओं ने कोई कसर नही छोडी।

### भजनों की स्वर लहरियां बही

**चूरू** (निसं)। शिव कॉलोनी स्थित चमत्कारी गोगामेड़ी में गुरूवार को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगत पवन सैनी ने गोगापीर की दिव्य ज्योत प्रज्जवलित कर किया। जागरण में गाजसर की भजन मंडली ने अपनी ओजस्वी वाणी से आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर कलाकारों ने धरती तो मात मैया पहले आसन गुरु गोरखनाथ की सेवा की। प्रस्तुति से जागरण का आगाज किया। इस अवसर पर भगत पवन कुमार ने कलाकारों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। जागरण में राकेश सैनी, हरिराम स्वामी, जगदीश जांगिड़, अशोक गुर्जर, मनोज सैनी, किशन, संजय सैनी, कैलाश, ताराचंद सैनी, विष्णु जांगिड़, गौरव शर्मा, हरीश पारीक, केपी गढ़वाल, नवीन सैनी, मनोज गुर्जर, मयंक सैनी, पवन रैगर, हेमंत सैनी, सुनील, देवेंद्र सैनी, शेखर गुर्जर, शंभू, आदित्य, धोनी, बाबू प्रजापत, कुलदीप प्रजापत, कवि सैनी, गोपाल प्रजापत, गोपाल शर्मा, महेंद्र गुर्जर, बाबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### नरसिंह अवतार सहित विभिन्न प्रसंग सुनाए

**चूरू** (निसं)। झारिया मोरी के पास स्थित मंत्रियों की छतरी में चिमनाराम मंत्री चैरिटी ट्रस्ट की ओर से चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में शुक्रवार को विभिन्न प्रसंग सुनाये। कथावाचक डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने शिव-शक्ति चरित्र, भक्त ध्रुव, भगवान नृसिंह अवतार, भक्त प्रहलाद कथा सहित अनेक प्रसंग सुनाए। शनिवार को वामन अवतार, श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा का प्रसंग सुनाया जाएगा। इस मौके पर पं. जनार्दन आचार्य के सानिध्य में पंडितो ने 21 मूर्तियों का जलाधिवास व महासनम करवाया। यजमान रामबाबू मंत्री व श्रीराम सैनी ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुरारी लाल मंत्री, शिवकुमार मंत्री, सुनील कुमार मंत्री, राममोहन मंत्री, ललित कुमार तोषणीवाल जसवंतगढ़, मुरलीधर मालपानी आदि उपस्थित थे।

### राम विवाह की लीला का मंचन

**बीदासर** (निसं)। रामलीला कमेटी के तत्वाधान में कस्बे के गणगौरी चैक स्थित बाबा रामदेव मंदिर के पास मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला में गुरूवार की रात्री में लीला के निर्देशक अमित दर्जी, सुरेश चैहान के निदेशन में लीला में राम विवाह, मंथरा कैकई, दशरथ कैकई संवाद व राम वनवास की लीला का मंचन किया गया। लीला में शिव का अभिनय श्याम, राम का जतिन नामदेव, लक्ष्मण का सुमित चैहान, सीता का निरंजन राठौड़, दशरथ का कमल सोनी, कैकई का राधाकिशन मारोठिया, मंथरा का अमित नामदेव, वशिष्ट का सुर्यप्रकाश रक्षक, दुर्वासा का राधेश्याम प्रजापत, सुमंत का इसान नामदेव, केवट का शिवम सैन व हास्य कलाकार का लालचंद जाट ने किया गया। मंच संचालन फुसराज गौड़ ने किया।

### हर्षवर्धन का स्टेट प्रतियोगिता के लिए चयन

**बीदासर** (निसं)। गांधी बाल निकेतन रतनगढ़ में हुई जिला स्तरीय छात्र-छात्रा बेड मीटिंग प्रतियोगिता में कस्बे की राजकीय सेठ दूलीचंद सेठिया उच्च माध्यमिक विद्यालय के 12 वीं का छात्र हर्षवर्धन सिंह राठौड ने अंडर 17 में पांचवा स्थान हासिल कर कस्बे का नाम रौशन किया है। हर्षवर्धन सिंह राठौड का स्टेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। राठौड का राज्य स्तर पर चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एच. आर. मेघवाल, विकास, संदीप, रूपेंद्र सहित सभी विद्यार्थियों ने राठौड़ का गर्मजोशी से स्वागत किया। पिता कैलाश सिंह राठौड़ ने बताया कि हर्षवर्धन सिंह 1 अक्टूबर को जोधपुर में होने वाली स्टेट प्रतियोगिता में भाग लेगा।

### घोड़ी पर बैठाकर बिंदोरी निकाली

**झुंझुनूं**, (निसं)। शहर के मंड्रेला रोड के वार्ड नंबर 54 निवासी बनारसी देवी ने अपनी पौत्री पूजा बंशीवाल को घोडी पर चढ़ाकर बिंदौरी निकालकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। पूजा को साफा पहनाकर घोड़ी पर बैठाकर मोहल्ले में बिंदौरी निकाली। परिजनों के साथ खुद पूजा ने भी डीजे के संग ठुमके लगाए। पूजा की माता संतोष देवी का कहना है कि बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। पूजा बंशीवाल शुक्रवार को नवलगढ़ निवासी दीपक के साथ परिणय सूत्र में बंधेगी। इस दौरान भाई बालचंद बंशीलाल, कृष्ण कुमार बंशीवाल समेत अन्य परिजन मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री जनधन शिविर आज

**सीकर**, (निसं)। अग्रणी जिला प्रबंधक नंद लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन 27 सितंबर 2025 को पाटन के डोकन में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री जनधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 सितम्बर 2025 तक विभिन्न पंचायत स्तरों पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे।


पंजाब नैशनल बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) pnb punjab national bank (Govt. of India Undertaking)

मण्डल कार्यालय: जयपुर-सीकर

फोन नं.: 01572-270730 • ईमेल: cosikargad@pnb.co.in

**किराए के परिसर की आवश्यकता**

पंजाब नैशनल बैंक को **ग्राम पोस्ट- खाटू श्याम जी, जिला- सीकर (राज.)** में लीज / किराये पर शाखा के लिए उपयुक्त तैयार और अच्छी तरह से निर्मित अथवा निर्माणाधीन हॉल प्रकार इमारत की आवश्यकता है जिसमें कारपेट एरिया **(1200 वर्ग फीट से 1600 वर्ग फीट)** हो, लीज/किराये के आधार पर परिसर अधिमानत: भूतल पर होना चाहिए। प्रस्तावित परिसर में वैधानिक प्राधिकरणों से सभी मंजूरी प्रमाण-पत्र होने चाहिए। वांछित इलाके में प्रस्तावित परिसर के इच्छुक व्यक्ति/पंजीकृत मुख्त्यारनामा धारक जो अपने तैयार परिसर को दीर्घावधि लीज के आधार पर अधिमानत: 15 वर्ष या उससे अधिक के लिए लीज पर देने के लिए तैयार है, वे बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपने प्रस्ताव भेज सकते है या उपरोक्त पते से कार्यालय समय के दौरान निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर सकते है। पूर्ण विधिवत मुहरबंद और हस्ताक्षरित प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरित को **पंजाब नैशनल बैंक, मण्डल कार्यालय: जयपुर-सीकर, किसान भवन, कृषि उपज मंडी समिति, जयपुर रोड, सीकर (राज.) 332001** पर दिनांक **13-10-2025** को **5.00 PM** तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए।

बैंक द्वारा कोई दलाली नहीं दी जाएगी। बैंक बिना कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को अपने विवेकाधिकार से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **(मंडल प्रमुख)**


# शिक्षक संघ राष्ट्रीय का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

**चूरू** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का उद्घाटन शुक्रवार को टाउन हॉल में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक हरलाल सहारण, संयुक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड, एडीपीसी सरिता आत्रेय, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओम प्रकाश प्रजापत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने तिलाकार्चन कर अतिथियों का स्वागत किया। छात्राओं ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया।

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वयं का जागरण तथा पर्यावरण से सम्बंधित बौद्धिक प्रस्तुत किया। जिला मंत्री गोपाल जांगिड ने गत वर्ष की गतिविधियों व संगठन की संरचना का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने अधिकारियों, प्रधानाचार्यों के स्थानांतरण व साक्षरता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति के लिए संगठन की ओर से राज्य सरकार और विधायक हरलाल सहारण का आभार प्रकट किया।

जिलाध्यक्ष शर्मा ने व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण जल्द ही प्रारंभ करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी पदोन्नित को शीध्र सम्पन्न कराने, ग्रीष्मकालीन अवकाश के वेतन भुगतान, गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्ति, कम्प्यूटर अनुदेशक, पंचायत सहायक व प्रबोधकों की समस्याओं को विधायक व शिक्षा अधिकारियों को अवगत करवाया। मुख्य अतिथि हरलाल सहारण ने राष्ट्रीय शिक्षक संघ द्वारा किए जा रहे राष्ट्रिहत के कार्य की प्रशंसा की तथा गैर शैक्षिणक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की बात विधानसभा में उठाने का विश्वास दिलाया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सुरेश शर्मा ने विचार व्यक्त किये। मेरा विद्यालय - मेरा स्वाभिमान के प्रदेश संयोजक कृष्ण कुमार सैनी ने अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आव्हान किया। संयुक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी ने नामांकन बढ़ाने और शैक्षिणक गुणवत्ता में सुधार का आव्हान किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड ने शिक्षकों से चुरू जिले को हमेशा प्रथम रैंकिंग पर लाने के लिए समय पर सूचनाओं को संकलित करने का आव्हान किया।

सम्मेलन में भामाशाह मुखराम प्रजापत और इस वर्ष संगठन के सेवानिवृत्त हो चुके कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। तृतीय सत्र को खुला सत्र के रूप में रखा गया, जिसकी अध्यक्षता एडीईओ कमल कुमार शर्मा ने की। सम्मेलन में एडीपीसी सरिता आत्रेय, जिला महिला मंत्री कौशल्या चौधरी, पुरष्कृत शिक्षक फोरम के सदस्य व पूर्व प्रधानाचार्य सूर्यप्रकाश त्रिवेदी, जिला सभाध्यक्ष विकास पारीक, जिला कोषाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़, एपीसी हरिप्रसाद शर्मा, एडी जीवण सैनी, जगदीश जोशी, वासुदेव शर्मा, प्रभा पारीक सहित 643 सदस्यों ने सहभागिता की।

सम्मेलन में संयोजक सूर्यप्रकाश शर्मा, उपशाखा अध्यक्ष चिमन शर्मा, मंत्री कन्हैयालाल सैनी, संजीव वर्मा, लक्ष्मणदान चारण, भूपेंद्र महर्षि, दुष्यंत सिंह, चिरंजीलाल सैनी, अशोक शर्मा, अनुपम सैनी, महेश चोटिया, विजेन्द्र सैनी, दिलीप सिंह, केशरदेव सैनी, त्रिलोक सिंह, प्रमेन्द्र सिहाग, होशियारचंद, राधेश्याम प्रजापत, कमल शर्मा, मुकेश शर्मा, सुरेन्द्र पड़िहार, राजकुमार शर्मा, रवि आनंद व चूरू उपशाखा की टीम ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रभु दयाल सैनी व हेमंत शर्मा ने किया।

## शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी हुई

**पाटन** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, पाटन में आज प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. मीणा के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक-अभिभावक संवाद एक ऐसा सशक्त मंच है जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सेतु का कार्य करता है। उन्होंने बढ़ती कोचिंग संस्कृति पर चिंता जताते हुए महाविद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्यता का समर्थन किया। साथ ही, महाविद्यालय में पुस्तकालय, पत्र-पत्रिकाएं, न्यूज़पेपर और अध्ययन सामग्री की सुलभता सुनिश्चित करने का भी आव्हान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने संगोष्ठी के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के लिए सहशैक्षिणक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा कौशल विकास, महिला नीति, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं नशा मुक्ति अभियानों में विद्यार्थियों की भागीदारी को आवश्यक बताया।

## 'संगठन को मजबूती प्रदान कर नामांकन में वृद्धि करें'

■ राजकीय बागला विद्यालय में रेसा पी के दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (प्रधानाचार्य) रेसा पी के दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीदासर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशन लाल गहनोलिया थे।

विशिष्ट अतिथि प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री महेश सोनी, रेसला व रेसा वीपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भंवर लाल गुर्जर, रेसा वीपी के प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल धुआं, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कमल कुमार शर्मा, नारायण मेघवाल, रेसला के पूर्व अध्यक्ष मुकुन्दराम नेहरा, महेंद्र सारण व इंद्राराम राव थे।

उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में रेसा पी के जिला मंत्री हरिप्रसाद टाक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। भंवरलाल गुर्जर ने संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा सदस्य बनाने पर जोर दिया। विजयपाल धुँआ ने विद्यालय संचालन में उप प्राचार्य और प्राचार्य के मध्य सामंजस्य की आवश्यकता बताई।

एडीईओ कमल शर्मा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं को लागू करने में संगठन के महत्व पर चर्चा की तथा नारायण मेघवाल ने नामांकन बढ़ाने पर बल दिया।

वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य पर मुख्य वक्ता मुकुंदाराम नेहरा, महेंद्र सहारण व इंद्राराम राव ने भी प्रकाश डाला।

प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री महेश सोनी ने कार्यकारिणी द्वारा प्रधानाचार्यों की समस्याओं के संबंध में किये जा रहे प्रयासों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में 1 नवंबर 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत होने वाले प्रधानाचार्यों का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नत हुये किशन लाल गहनोलिया का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राम कुमार खीचड ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिक्षा के उन्नयन में प्रधानाचार्य को जुडने का आव्हान किया

और संगठन के संगठनात्मक मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला जिला मंत्री राजबाला, सत्यनारायण सैनी सहित समस्त ब्लॉक पदाधिकारी व बडी संख्या में प्राचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश कुमार पूनिया व जगदीश खेडीवाल ने किया।

## शिविर में लाभार्थियों को पट्टे व चैक वितरित किए

**सीकर**, (निसं)। नगर परिषद सीकर में चल रहे शहरी सेवा शिविर के दौरान शुक्रवार को 32 लाभार्थियों को कृषि भूमि, स्टेट ग्रांट सहित विभिन्न श्रेणियों में पट्टे वितरित किए गए। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 एवं 2.0 तथा पी.एम. स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रथम चरण में पिंकी देवी को 15 हजार रूपये, दूसरे चरण में सुमन कंवर को 25 रूपये एवं तृतीय चरण में पूरणमल गवारिया को 50 हजार रूपये के चेक वितरित किए गए। इसके अलावा पीएम आवास योजना की अंतिम किस्त के रूप में 6 लाभार्थियों को 50 हजार रूपये व 30 हजार रूपये के चेक भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी, पवन मोदी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला महामंत्री राजेश रोलन, उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत तथा तेजप्रकाश सैनी उपस्थित रहे। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व पौधा भेंट कर स्वागत किया। आगन्तुक अतिथियों ने अपने संबोधन में नगर परिषद आयुक्त एवं उनकी टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ये शिविर आमजन को योजनाओं से सीधा लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं।

## वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ शहरवासियों के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। बीकानेर से दिल्ली के बीच चलने वाली सेमी हाईस्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित संचालन आज से प्रारंभ हो गया है। अब यह आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्रेन रतनगढ़ स्टेशन पर भी रुकेगी, जिससे यहां के यात्रियों को दिल्ली तक की यात्रा और भी सहज, तेज एवं आरामदायक बन जाएगी।

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोपहर में हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को नई दिल्ली से रवाना किया। इसके बाद ट्रेन ने अपना पहला आधिकारिक सफर शुरू किया। रतनगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। स्टेशन पर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के कई नेताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वा, पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया कांग्रेस जिलाअध्यक्ष इंद्राज खीचड़, पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत,पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, रूबी महर्षि ने रतनगढ़ स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि रतनगढ सहित आस-पास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए यह ट्रेन वरदान साबित होगी। स्टेशन मास्टर बाबूलाल मीणा,फैसिलिटी मैनेजर रामचंद्र जाखड़ ने बताया कि यह ट्रेन बीकानेर मंडल के प्रमुख स्टेशनों - श्रीडूंगरगढ, रतनगढ, चूरू, लोहारू और महेन्द्रगढ में रुकेगी। इनमें रतनगढ़ स्टेशन पर ट्रेन का विशेष रूप से स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार ट्रेन का सबसे लंबा ठहराव चूरू में होगा, जहां यह 5 मिनट रुकेगी। अन्य सभी स्टेशनों पर यह ट्रेन 2 मिनट के लिए ही ठहरेगी।इस अवसर पर नगर के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। रेलवे स्टेशन पर आमजन, व्यापारी संगठनों और युवाओं ने मिलकर ट्रेन का स्वागत किया। मंच पर मौजूद भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि इस सेवा से न केवल रतनगढ़ बल्कि पूरे शेखावाटी और बीकानेर अंचल के यात्रियों को लाभ मिलेगा।वंदे भारत एक्सप्रेस अपने अत्याधुनिक डिब्बों, आरामदायक सीटों, स्वचालित दरवाजों, तेज रफ्तार और सुविधाजनक यात्रा अनुभव के लिए जानी जाती है। इसके शुरू होने से अब रतनगढ़ और आसपास के कस्बों के यात्रियों को दिल्ली जाने के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध हो गया है।

ट्रेन की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है और लोगों में टिकट बुक कराने को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर बीएन अमन अग्रवाल, वाणिज्यिक निरीक्षक बीकानेर जितेंद्र व्यास, एसएसई लक्ष्मण मीणा,ओएस सुमन प्रजापत, एडीएस जितेंद्र कटारिया, महेंद्र ने अतिथियों का स्वागत किया इस मौके पर पार्षद नंदकिशोर भार्गव, लक्ष्य शर्मा, पुरुषोत्तम इंदोरिया, राजेश गहलोत, मुख्तियार खान, एडवोकेट बजरंग लाल गुर्जर, महेश सैनी, गोपालकृष्ण शर्मा, राकेश शर्मा, महावीर खेतान, श्याम सुंदर खेमका आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### आबादी से शमशान भूमि तक का रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हुआ

**पाटन** (निसं)। पंचायत समिति पाटन की ग्राम पंचायत बल्लूपुरा में आज शुक्रवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2025 ने वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान कर गांव के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। लगभग 50 वर्षों से पगडंडी रूप में उपयोग हो रहे रास्ते को, जो खातेदारी भूमि से होकर आबादी से शमशान भूमि तक जाता था, आज सभी खातेदारों की सहमति से राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज कर दिया गया। इस निर्णय से ग्रामीणों को अब फसलों के बीच से होकर गुजरने की परेशानी से मुक्ति मिल गई है। शिविर में बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संपर्क किया। जब यह बहुप्रतीक्षित रास्ता राजस्व अभिलेखों में दर्ज हुआ, तो ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने राजस्थान सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।इस सफल आयोजन में कई जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से सरपंच हवासिंह हरिजन,ग्राम विकास अधिकारी अजीत यादव,विकास अधिकारी शशि बाला,पाटन पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी, एसडीएम राजवीर यादव,तहसीलदार सुभाष चंद्र कुलहरी,पटवारी प्रियंका जिंदल,भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर,ग्राम सेवक सुमन चौधरी, उमेद मीणा, लालचंद यादव सहित 15 विभागों के अधिकारीगण एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया।

### उप निदेशक आयुर्वेद विभाग ने औचक निरीक्षण किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय सूरजगढ में आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी ने ब्लॉक आयुष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इसमें सभी कार्मिक उपस्थित पाए गए तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उप निदेशक एवं चिकित्सालय स्टाफ ने श्रमदान किया। इस अवसर पर उप निदेशक द्वारा चिकित्सालय स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उप निदेशक द्वारा चिकित्सालय का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय प्रभारी डॉ. जयदीप गोठवाल, डॉ. रचना, डॉ. सुनिल कुमार, कंपाउडर अनूप सिंह, नर्स सुनिता, नर्स पूनम आदि उपस्थित रहे। इसी दौरान मंडी गेस्ट हाऊस में चल रहे शहरी सेवा शिविर में भी विभागीय गतिविधियों का भी निरीक्षण किया तथा विभागीय शिविर प्रभारी डॉ. नवीन कुमार एवं नर्स मनीषा को आवश्यक निर्देश दिए।

### स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम

**झुंझुनूं**, (निसं)। रामादेवी महिला महाविद्यालय नूआं में एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर झाडियों को हटाया तथा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेश नैण ने किया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। एनएसएस प्रभारी डॉ. नीतू सिंह ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया और स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**झुंझुनूं**, (निसं)। रामादेवी महिला पीजी महाविद्यालय नूआं के एनएसएस प्रभारी डॉ. नीतू सिंह के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि इस अवसर पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया। साथ ही चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय में एक घंटा श्रमदान साफ सफाई की गई। द्वितीय एनएसएस प्रभारी डॉ. नरेश नैण के संरक्षण में स्वयंसेविकाओं ने सभी कार्य किए।


